Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to redesign the Railway Station at Meerut reflecting its rich heritage and historic role in the First War of Independence

श्री राजेंद्र अग्रवाल (मेरठ) ः मेरठ का भारत के इतिहास, विशेऐकर स्वतंत्रता संग्राम में एक प्रमुख स्थान है। स्वतंत्रता का पहला युद्ध इसी शहर से 1857 में छेड़ा गया जो बाद में पूरे देश में फैल गया। मेरठ जनपद में ही हस्तिनापुर में कौरवों की महाभारतकालीन राजधानी थी। इसी प्रकार मेरठ में और भी कई ऐतिहासिक स्थान और स्मारक है जो कि इस शहर के गौरवशाली इतिहास के साक्षी हैं। शहर में आने वाले किसी भी व्यक्ति पर उस शहर का रेलवे स्टेशन एक महत्वपूर्ण छाप छोड़ने की क्षमता रखता है। इस देश के कई रेलवे स्टेशन अपने प्रमाण एवं स्वरूप और डिजाइन से अपने शहर के इतिहास और विरासत को सुंदरता को दर्शाते हैं।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह मेरठ शहर के रेलवे स्टेशन के स्वरूप की 1857 के इतिहास की दृऐिट से नई रचना करे तथा स्टेशन पर चित्र, शिल्प कृतियां इत्यादि के माध्यम से शहर के इतिहास और विरासत को प्रकट करे।